तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 28 जून 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
रेत भंडारण करने ठेकेदारों में मची होड़, एक दर्जन हैं कतार में



## खबर संक्षेप

### प्रवेश परीक्षाओं तैयारी हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** वर्ष 2024-25 में प्री. इंजीनियरिंग व प्री. मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग करने के लिए 1 जुलाई शाम 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने हेतु विभागीय वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र तथा आवेदन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 12वीं उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इन प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक हैं वे निर्धारित तिथि तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते हैं। कोचिंग हेतु 100 अभ्यर्थी चयनित होंगे जिनमें 64 अनुसूचित जनजाति वर्ग तथा 36 अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र शामिल होंगे।

### 2047 से संबंधित विजन डॉक्यूमेंट किया जा रहा तैयार

**कोरबा।** भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु की गई परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य नीति आयोग द्वारा अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 संबंधित विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। आयोग द्वारा अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 अंतर्गत जिलों से 12 विषयों पर फीडबैक चाही गई है। कलेक्टर अजीत वसंत ने इस संबंध में जिला स्तर पर प्रारंभिक तैयारी के तहत विभिन्न सेक्टरों हेतु संभावनाओं, फोकस एरिया एवं लघु (5 वर्ष), मध्यम (10वर्ष), दीर्घ काल (25 वर्ष) के लिए एक्शन पॉइंट पर चिन्हांकन हेतु सुझाव आमंत्रित किया है। जिसके अंतर्गत निगम आयुक्त, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, वनमंडलाअधिकारी कोरबा कटघोरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला आयुर्वेद अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आदिवासी विकास विभाग, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, क्रेडा विभाग, उप संचालक कृषि, उद्यान, रेशम शामिल हैं।

### प्राकट्य दिवस पर भोग भंडारे का हुआ आयोजन

**कोरबा।** सद्गुरु कबीर साहब का 627वां प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में माणिक पंथ समाज दिनेश दीवान, शिव महंत, सुखी दास (मुख्य कबीरबाग), श्रीमती गीता महंत प्रमुख कबीरबाग द्वारा घंटा घर चौक में साहब जी की महंत महादेव दास साहेब द्वारा संध्या आरती गुरु वाणी किया गया। तत्पशचात भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे। इस अवसर पर प्रभात महंत, शशि महंत, सोना दास महंत, सुनील महंत, रीति दीवान, महंत मंगल दास, नितिश दीवान सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

### टीपी नगर में विवाद करने वाली महिला गिरफ्तार

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत टीपी नगर निवासी प्रार्थी ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 जून को दोपहर लगभग 12 टी.पी.नगर स्थित पिण्डा एण्ड लक्की आटो डील दुकान में अपने दोस्त से मिलने आया था। उसी समय मंजीत कौर आयी और तुम्हारा मालिक कहां है बहुत रिपोर्ट करता है कहते हुए जान सहित मारने की धमकी देने लगी और अज्जु ने गाली देने से मना किया तो सामने रखे पेचकस को पकड़कर जान से मारने की धमकी देने लगी। जिस पर वह दुकान की तरफ घुस गया जिसे मारने के लिए मंजीत कौर दुकान अंदर घुसकर दौड़ाने लगी यह जान बचाकर बाहर निकल रहा था तभी पेचकस से इसके पीठ में मार दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी शारदा बिहार अटल आवास निवासी मंजीत कौर उम्र 27 वर्ष पति गुरमीत सिंह के विरुद्ध धारा 452, 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

# पेंशन मद में खर्च होता है 45 सौ करोड़ से अधिक, आते हैं करीब 43 सौ करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोल इंडिया में काम करने वालों से ज्यादा रिटायर कर्मचारी हैं। स्थायी कर्मियों की संख्या 2 लाख 33 हजार 48 है। वहीं रिटायर कर्मियों की संख्या 31 मार्च 2023 को 3 लाख 68 हजार 546 थी। इनको पेंशन देने के मद में हर साल करीब 4 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो रहा है।

कोल इंडिया में रिटायर कर्मियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। कोल माइंस प्रोविडेंट फंड (सीएमपीएफ) की रिपोर्ट के अनुसार पेंशन कर्मियों की संख्या काम करनेवालों से डेढ़ लाख अधिक हो गयी है। कोल इंडिया में काम करनेवाले स्थायी कर्मियों की संख्या 2 लाख 33 हजार 48 है। वहीं, रिटायर कर्मियों की संख्या 31 मार्च 2023 को 3 लाख 68 हजार 546 थी। इनको पेंशन देने के मद में हर साल करीब 4 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो रहा है। पेंशन मद में खर्च हो रही ज्यादा राशि को लेकर सीएमपीएफ के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने कई बार चिंता जतायी है। ट्रस्टी पेंशन मद में जमा राशि को बढ़ाने को लेकर कोल इंडिया और कोयला मंत्रालय पर दबाव भी बना रहा है। हाल में कोल इंडिया ने 10 रुपये प्रति टन की दर से पेंशन फंड में राशि देना शुरू किया है। इसके बाद फंड में करीब 4 हजार 367 करोड़ रुपये बीते वित्तीय वर्ष में मिला है।

## पेंशन मद में ज्यादा खर्च पर कई बार सीएमपीएफ के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने जताई चिंता

**खास बातें**

- पेंशन कर्मियों की संख्या हुई डेढ़ लाख
- 10 रुपए प्रति टन के हिसाब से पेंशन फंड में जमा हो रही राशि



### 14 फीसदी जाता है पेंशन मद में

कोल इंडिया में कार्यरत कोयला कर्मियों के वेतन से 14 फीसदी पेंशन मद में जाता है। इसमें 7 फीसदी कर्मी तथा 7 फीसदी कोयला कंपनियों का हिस्सा होता है। यह राशि पेंशन फंड के संचालन के लिए काफी नहीं है। इस कारण कोयला बिक्री से सेस के रूप में भी राशि दी जाती है। केंद्र सरकार ने भी सीएमपीएफ के पेंशन मद में सहयोग कम कर दिया है। वित्त वर्ष 2020-21 में पेंशन निधि में 4503.46 करोड़ रुपये था। इस पर 16.69 करोड़ रुपये केंद्र सरकार का अंशदान था। वहीं 2021-22 में 4174.86 करोड़ रुपये पेंशन निधि तथा 12.96 करोड़ रुपये केंद्र सरकार ने दिया था। वहीं, वित्त वर्ष 2022-23 में मात्र 57 लाख रुपये ही इस मद में केंद्र सरकार ने दिया था।

## नगर निगम ने संचालन व मेंटनेंस के लिए शासन को भेजा था प्रस्ताव

# शहर की सड़कों पर अब फर्राटे भरेंगी प्रदूषण मुक्त पीएम ई-बसें, मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहरवासी अभी तक ई-रिक्शा व स्कूटी का सफर कर रहे हैं। लोगों को कम दूरी की सफर के लिए आने वाले दिनों में जल्द ही ई-बस सेवा की सौगात मिलेगी। मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अरबन अफेयर्स (महुआ) ने राज्य के 5 शहरों में 240 पीएम ई-बस सर्विस शुरू करने की स्वीकृति दी है, जिसमें कोरबा भी शामिल है। ई-बस शुरू करने के पूर्व ई-चार्जिंग प्वाइंट, सर्विसिंग सेंटर, कार्यालय भवन के निर्माण के लिए प्रस्ताव मंगाए गए हैं। उसे तकनीकी स्वीकृति देने के लिए प्रक्रिया चल रही है। तकनीकी स्वीकृति मिलते ही सभी स्थानों पर ई-चार्जिंग प्वाइंट और कार्यालय भवन के निर्माण का काम शुरू हो सकेगा।

राज्य में प्रदूषण पर रोकथाम के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से पीएम ई-बस योजना शुरु की जा रही है। प्रथम चरण में प्रदेश के चार बड़े शहरों के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। जिसके तहत औद्योगिक नगरीय कोरबा में भी ई-बसों के रख रखाव व परिचालन व्यवस्था के लिए निगम द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। राज्य में 240 ई-बसें चलाने की स्वीकृति महुआ दिल्ली ने दी है। इसमें रायपुर में 100, दुर्ग भिलाई और बिलासपुर में 50-50 और कोरबा में 40 बसें चलाने की स्वीकृति दी गई है। दरअसल सभी स्थानों पर केंद्र सरकार के फंड से चार्जिंग प्वाइंट, सर्विसिंग सेंटर बस टर्मिनल का कार्यालय बनाया जाएगा। इसमें चार्जिंग प्वाइंट से लेकर सभी इलेक्ट्रिकल कार्यों का व्यय भार केंद्र और सिविल वर्क के लिए केंद्र से 70 और राज्य सरकार से 30 फीसदी अंशदान रहेगा। केंद्र सरकार से मंजूरी के बाद जल्द ही ई-बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। शहर के बसाहट क्षेत्रफल का जिस तरह से लगातार विस्तार हो रहा है उस दिशा में आवागमन व्यवस्था को दुरूस्त करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस कड़ी में केंद्र सरकार ने ई-बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। पर्यावरण संरक्षण में पीछे और प्रदूषित शहर की दृष्टि से कोरबा शहर ई-बस सेवा का शुरू होना एक तरह से मील का पत्थर साबित होगा। पीएम ई-बस सेवा के नाम से शुरू होने वाली इस यात्री सेवा सके के लिए केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय ने कई मापदंड निर्धारित किए हैं। इस कड़ी में 20 से 40 लाख की आबादी वाले शहरों को 150, 10 से 20 लाख तथा पांच से 10 लाख आबादी वाले शहरों को सौ-सौ व 5 लाख से कम आबादी वाले शहरों को 50 बसें मिलेगी। योजना के दस्तावेज के अनुसार केंद्रीय सहायता बसों के चलने के किलोमीटर के लिहाज से दी जाएगी। निगम द्वारा 40 बसों के संचालन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।



फाइल फोटो

### रियायत दर पर मिलेगा सफर का अवसर

यह योजना राज्यों को मिलने वाली केंद्रीय मदद को पारदर्शी बनाने का हिस्सा है। यह योजना शहरों में मेट्रो सुविधा विकसित करने के विकल्प की दिशा में विकसित किया जा रहा है। बसों के संचालन से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी बल्कि रोजगार का भी सृजन होगा। पीपीपी माडल की बसों में वातानुकूलित बसें भी शामिल होंगी। देश के बड़े शहरों में बस सेवा शुरू करने की कड़ी में कोरबा शहर का चयन होना बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। बसों को संचालित करने वाले संस्थान व संगठन को संबंधित विभाग के साथ एमओयू करना होगा। ई- बस सेवा शुरु होने से निजी बस संचालकों की मनमानी पर नियंत्रण होगा। यात्रियों को रियायत दर में सफर का अवसर मिलेगा।

### प्रगति नगर बस स्टैंड में खड़ी हैं 26 सिटी बसें

यात्री सुविधा के लिए 7 साल पहले शहर में 48 सिटी बसें शुरू की गई। कोरोना काल की वजह से सभी बसों के पहिए थम गए। लंबे अंतराल के बाद भी बसें अब भी सभी रूटों में शुरू नहीं हुई है। अभी भी 26 बसें दर्री के प्रतीक्षा बस स्टैंड में खड़ी हैं। आइटी, मेडिकल कालेज व पालिटेक्निक कालेज के अलावा शहर की कालोनियों की रूट में बस की सुविधा नहीं होने पर यात्री परेशान हैं। वर्तमान में 22 सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है। पीएम ई-बसों के संचालन का देखरेख संबंधित विभाग के हाथों में देना चाहिए। ठेकेदार को संचालन का काम देने पर मरम्मत में कोताही बरती जाएगी और पुरानी होने के बाद सीटी बसों की तरह ई-बसों का संचालन भ बंद कर दिया जाएगा।

# सचिवों की हड़ताल से ग्राम पंचायतों में कामकाज ठप



धरना प्रदर्शन करते हड़ताली सचिव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के पंचायत सचिव हड़ताल पर है। हड़ताल से ग्राम पंचायतों में काम काज प्रभावित है। ग्रामीण भटक रहे हैं। इसके बाद भी शासन प्रशासन आंदोलन समाप्त करने गंभीर नजर नहीं आ रहा है। ऊर्जाधानी के सचिवों की सुनवाई नहीं हो रही है। दूसरी ओर पंचायत सचिव संघ की राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की मौजूदगी रहेगी।

**खास बात**

- शासन प्रशासन सचिवों की मांगों को लेकर नहीं दिखा रहे गंभीरता

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में एकमात्र कोरबा जिले के पंचायत सचिव कामबंद कलम बंद हड़ताल पर हैं। अपने वेतन रोकने और समय पर वेतन का भुगतान नहीं करने, निर्धारित समय पर वेतन भुगतान की मांग और बकाया एरियर्स की राशि का भुगतान की मांग को लेकर अध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर की अगुवाई में कामबंद-कलमबंद हड़ताल शुरू किया गया है। सचिव आईटीआई तानसेन चौक पर एकत्र होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आंदोलन के कुछ घण्टे के भीतर ही उप संचालक पंचायत जिला कोरबा द्वारा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सचिवों की दो मांग का निराकरण किया गया। उप संचालक पंचायत कोरबा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में सचिवों के कार्य प्रगति अनुसार उनका माह अप्रैल एवं मई 2024 का वेतन भुगतान किया जा चुका है। सचिवों के वेतन भुगतान एक निश्चित तारीख तक किए जाने के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ⏭ शेष पेज 3 पर

# अब 132 केवी के सब स्टेशन कर्मी भी आज से हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले 6 दिनों से जिले के सब स्टेशन में काम करने वाले कर्मी हड़ताल पर डटे हुए हैं तो वहीं दूसरी ओर ट्रांसमिशन कंपनी के अधीन काम करने वाले 132 केवी सब स्टेशन के ठेका श्रमिक भी आज से हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिए हैं। निश्चित तौर पर ठेका कंपनी जेबीएस की प्रताड़ना से तंग आकर ठेका कर्मियों ने मोर्चा खोला है।

**खास बात**

- पिछले 6 दिनों से 33 गुणा 11 केवी के सब स्टेशन कर्मी हैं हड़ताल पर



धरना प्रदर्शन करते वितरण विभाग के ठेका कर्मी।

छत्तीसगढ़ ठेका श्रमिक संघ के द्वारा अपनी विलम्ब मांगों को लेकर 7 दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया हैं। श्रमिक संघ का कहना हैं सीएसपीटीसीएल कोरबा डिविजन और मेमर्स जेबीएस कंपनी उनकी मांगो को नजरअंदाज कर रहा है। 7 माह से पीएफ 4 माह से ईएसआईसी का भुगतान रोक रखा है जिससे कर्मचारियों को पीएफ क्लेम नहीं हो पा रहा है तो ईएसआईसी से ⏭ शेष पेज 3 पर

# गुंडे, बदमाशों को पुलिस ने सुधरने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत 1 वर्ष में गुंडा, निगरानी बदमाशों एवं संपत्ति संबंधी मामलों में जेल से रिहा हुए आरोपियों को आपराधिक गतिविधियों मे पुनः लिप्त होने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी। दर्री डिवीजन के थाना व चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले लगभग 30 निगरानी एवं गुंडा बदमाशों को तलब किया गया। जहां उन्हें सुधरने की चेतावनी दी गई है।



चेतावनी देते थाना प्रभारी।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र मीणा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी के निर्देश पर थाना व चौकी में विशेष अभियान चलाया गया। दर्री सब डिवीजन के थाना व चौकी जिसमें थाना दर्री, थाना बांकीमोंगरा, थाना कुसमुंडा, थाना दीपका एवं चौकी सर्वमंगला क्षेत्रान्तर्गत रहने वाले गुंडा एवं निगरानी बदमाश तथा विगत 1 वर्ष में जेल से रिहा हुए संपत्ति संबंधी अपराधों (चोरी, लूट, डकैती आदि) में संलिप्त आरोपियों की चेकिंग हेतु अभियान चलाया जा रहा है। समस्त थाना चौकी क्षेत्र के लगभग 30 निगरानी एवं गुंडा बदमाशों के साथ-साथ संपत्ति संबंधी अपराध में रिहा हुए को तलब किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक दर्री द्वारा कानून के दायरे में रहकर सुख शांति से जीवनयापन करने तथा किसी प्रकार के कोई अवैध गतिविधियों में शामिल नही होने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समझाइस दिया गया।

## शिविर में कर्मचारियों के साथ परिजनों ने भी निभाई सहभागिता

# बालको मेगा शिविर में 250 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको अस्पताल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में कंपनी के कर्मचारी एवं उनके परिवारजन, व्यावसायिक साझेदार और समुदाय के सदस्यों ने हिस्सा लिया। लोगों के संयुक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप कोरबा जिले में एक दिन में 250 यूनिट से अधिक जीवन रक्षक रक्त एकत्र किए गये। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कंपनी द्वारा आयोजित एक दिवसीय मेगा रक्तदान शिविर कोरबा जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सों के देखरेख में संचालित किया गया। समर्पित चिकित्सा कर्मचारियों ने शिविर के दौरान रक्त संग्रह के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने के साथ ही रक्तदान प्रक्रिया और इसके लाभ के बारे में स्वयंसेवकों के बीच व्यापक जागरूकता पैदा करने में भी मदद की। सावधानीपूर्वक स्क्रीनिंग और जांच के बाद एकत्रित रक्त को कोरबा के सरकारी मेडिकल कॉलेज के रक्त बैंक में संग्रहीत किया गया। जरूरतमंद लोगों को ब्लड यूनिट निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। थैलेसीमिया, सिकल सेल, कैंसर, सड़क यातायात दुर्घटनाओं, गर्भवती माताओं और हीमोफिलिया वाले व्यक्तियों के इलाज के लिए उनकी रक्त आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हमने चिकित्सा संबंधी चुनौतियों की एक विस्तृत समझ के साथ सभी लिंग एवं आयु समूह के कल्याण को संबोधित करने के लिए तैयार की गई विविध पहलों के माध्यम से समुदाय के स्वास्थ्य को लगातार प्राथमिकता दी है। रक्तदान अभियान के दौरान समुदाय की सामूहिक प्रतिक्रिया को देखना सुखद है जिससे रक्त बैंक के भंडार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण मदद मिली है। इस प्रयास ने आपातकालीन रक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चिकित्सा ढांचे को मजबूत किया है और अनगिनत लोगों की जान बचाई है।




रक्तदान करते रक्तदाता।

# वर्षाकाल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से परिसम्पतियां हटाने की सूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध माचाडोली द्वारा सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों को सूचित किया गया है कि आगामी वर्षाकाल 2024 के दौरान आवश्यकता होने पर बांगो बांध माचाडोली से नदी में पानी प्रवाहित किया जाएगा। इस हेतु सर्व संबंधित उक्त बांध से नीचे, नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित अपने चल-अचल सम्पत्ति को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर लें। इसी प्रकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्थापित खनिज, खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर कर लेना सुनिश्चित करें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में बांगो, लेपरा, कछार, कोनकोना, पोड़ी-उपरोड़ा, चर्रा, गाड़ाघाट, छिनमेर, सिरकीकला, कोडा, पाथा, सिलीयारीपारा, तिलसाभाटा, हथमार, छिर्रापारा, डुग्गुपारा, कल्मीपारा, जूनापारा, टुंगमुड़ा, तिलाईडाड़, नवागांव, झोरा, कोरियाघाट, पोड़ीखोहा, धनगांव, लोतलोता, नरमदा, औराकछार, झाबू, सोनगुड़ा, डोंगाघाट, टुनियाकछार, मछलीबाटा, स्याहीमुडी, जेलगांव, खैरभावना, बलरामपुर, भलपहरी, जोगीपाली, कोहड़ियि, राताखार, गेवराघाट, इमलीडुग्गु, कुदुरमाल, बरीडीह, मोहर, देवरी, चिचोली, कटबितला, झीका व ढिठोली शामिल हैं।



# अमिताभ ने मुंबई में खरीदी 59.58 करोड़ रुपए की तीन प्रॉपर्टी

**मुंबई।** इस वक्त अमिताभ बच्चन द्वारा मुंबई में करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदे जाने की खबरें सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, अभिनेता ने मुंबई में 59.58 करोड़ रुपये की कुल कीमत के तीन कार्यालय संबंधी प्रॉपर्टी खरीदी है। उनकी खरीदी हुई ये तीनों 2701, 2801 और 2901 नंबर प्रॉपर्टी 8,429 वर्ग फीट के संयुक्त क्षेत्र में फैली हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वीर सावरकर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुए इस सौदे में तीन कार पार्किंग स्थल भी शामिल हैं और इसके लिए उन्होंने 3.57 करोड़ रुपए की स्टैम्प ड्यूटी भी चुकाई है। कुछ रिपोर्ट्र्स में कहा जा रहा है कि उनका ये ऑफिस सिग्नेचर बिल्डिंग में हैं, जहां काजोल, सारा अली खान और कार्तिक आर्यन जैसे स्टार्स के ऑफिस भी हैं।

लाइफ Style

# ऋचा

## लज्जो के लिए मिल रहा बेइंतहा प्यार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऋचा ने पति का इंस्टा यूजरनेम मेंशन करते हुए लिखा कि जल्दी घर आओ। हमें काम करना है। घर को बेबी प्रूफिंग की जरूरत है। हीरामंडी में ऋचा ने लज्जो का किरदार निभाया था। उन्होंने प्रेगनेंसी के दौरान वेब सीरीज का प्रमोशन भी किया था।

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा जल्द ही मां बनने वाली हैं। उनका थर्ड ट्राइमेस्टर चल रहा है। अब उन्होंने इंस्टा पोस्ट शेयर करके बताया है कि वो कैसा फील कर रही हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- 'तीसरा ट्राइमेस्टर अपने साथ बेचैनी, अनिद्रा, एसिड ट्रिपी सपने, पीठदर्द, माइग्रेन और रोने वाला मूड लेकर आता हैतो यहां पर पास्ट की कुछ झलकियां हैं।' उन्होंने आगे लिखा कि प्रमोशन के दौरान इंडियन कपड़े पहनना पसंद आया। क्योंकि फ्यूचर बेहतर होगा, लेकिन पास्ट आज से बेहतर है।

उन्होंने लगभग दो महीने हो गए हैं, लेकिन मुझे लज्जो के लिए बेइंतहा प्यार मिल रहा है। उन्होंने पति का इंस्टा यूजरनेम मेंशन करते हुए लिखा कि जल्दी घर आओ। हमें काम करना है। घर को बेबी प्रूफिंग की जरूरत है। हीरामंडी में ऋचा ने लज्जो का किरदार निभाया था। उन्होंने प्रेगनेंसी के दौरान वेब सीरीज का प्रमोशन भी किया था। ऋचा चड्ढा को लज्जो के रूप में दर्शकों से बेहद प्यार मिला था। संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में ऋचा के साथ मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, शर्मिन सेगल, संजीदा शेख जैसी एक्ट्रेस नजर आईं थीं।



हॉलीवुड मसाला



# चोट से नहीं उबर सके हैं जेरेमी

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी रेनर बर्फ में हुई दुर्घटना से अब तक पूरी तरह उबर नहीं सके हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट में उन्होंने स्वीकार किया कि वह अब भी चुनौतीपूर्ण किरदारों को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं हैं। हॉलीवुड स्टार जेरेमी रेनर को मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में हॉकआई की भूमिका से दुनियाभर में खूब लोकप्रियता हासिल हुई। इस किरदार के बाद उन्हें भारत में भी खास पहचान मिली। हाल ही में अभिनेता ने एक पॉडकास्ट में अपने बारे में खुलकर बात की।



# टॉम हैंक्स एआई की तस्वीर में दिख रहे युवा

**लॉस एंजिलिस।** टॉम हैंक्स इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता एक बार फिर से 'फॉरेस्ट गंप' के निर्देशक रॉबर्ट जेमेकिस के साथ उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हियर' में नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने 'हियर' की एक तस्वीर को दर्शकों के संग साझा किया है। इस तस्वीर में फिल्म की अभिनेत्री रॉबिन राइट और टॉम हैंक्स एकदम युवा दिख रहे हैं। टॉम हैंक्स के फैंस में इस फिल्म को लेकर अभी से ही काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। 'हियर' को रॉबर्ट जेमेकिस ने एरिक रोथ के साथ मिलकर लिखा है। टॉम हैंक्स की आगामी फिल्म 'हियर' रिचर्ड मैकगायर के उपन्यास पर आधारित होगी। 2014 में प्रकाशित हुए इस ग्राफिक उपन्यास का नाम भी पर 'हियर' ही था। इस उपन्यास में एक ही स्थान पर एक सदी की कहानी लिखी गई है।



# ताहिरा ने साझा किया अपना अनुभव

**मुंबई।** ताहिरा कश्यप के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'शर्माजी की बेटी' इस महीने ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। इस फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर मुख्य भूमिकाओं में हैं। ताहिरा कश्यप ने कहा कि उन्हें इस फिल्म में एक ए लिस्ट मेल एक्टर को लेने का सुझाव दिया गया था। इसके अलावा ताहिरा कश्यप ने फिल्म के पीछे हुए देर की वजह भी बताई। बातचीत के दौरान ताहिरा ने कहा कि यह देखते हुए कि फिल्म 'शर्माजी की बेटी' के लिए उन्होंने अपने नजरिए के प्रति सच्चे रहने के महत्व पर जोर दिया, भले ही दूसरे सहमत न हों। लोगों ने फिल्म बनाने के लिए कास्टिंग विकल्पों सहित कुछ और स्टीरियोटाइप के हिसाब से उन पर दबाव डाले। ताहिरा ने कहा कि फिल्म के लिए प्रोड्यूसर की तलाश चुनौतीपूर्ण रही।



# नागार्जुन ने पूरी की फैन की मुराद

**मुंबई।** बीते दिनों साउथ इंडस्ट्री के लोकप्रिय अभिनेता नागार्जुन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। उसमें वे मुंबई एयरपोर्ट से निकलकर आ रहे थे। इस दौरान एक दिव्यांग प्रशंसक उनसे मिलने के लिए दौड़ा, लेकिन नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने प्रशंसक को न सिर्फ रोक दिया, बल्कि जोर से धक्का भी मारा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और लोगों ने नागार्जुन की आलोचना की। वीडियो वायरल होते देख नागार्जुन ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी। अब उन्होंने इस प्रशंसक से मुलाकात भी की है। नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने जिस दिव्यांग प्रशंसक को धक्का मारा था, अभिनेता उससे मिलते नजर आए हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जो विरल भियानी के इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया गया है।

टीवी मसाला



# 'हर आदमी दो पत्नियां चाहता है'

## अरमान के बयान पर भड़कीं देवोलीना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी-3' जब से शुरू हुआ है। यह तब से खबरों में है. शो में भाग लेने वाले अरमान मलिक को सबसे ज्यादा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। शो में केवल वे ही नहीं उनकी दोनों पत्नियां पायल मलिक और कृतिका मलिक को भी लोग काफी ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में दीपक चौरसिया से बात करते हुए अरमान ने कहा था कि 'हर आदमी 2 पत्नियां चाहता है'। अब उनके इस बयान पर एक्ट्रेस बिग बॉस फेम एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने उनके बयान को गलत करार दिया। इसके साथ ही बताया कि उनके इरादे 'अश्लील'हैं। देवोलीना भट्टाचार्जी ने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें अरमान यह कहते हुए सुने जा सकते हैं, 'हर आदमी दो पत्नियां चाहता है।' यह बात 'साथ निभाना साथिया'की अभिनेत्री को पसंद नहीं आई और उन्होंने अरमान की इस टिप्पणी के लिए उनकी खिंचाई की। उन्होंने लिखा, 'मैं हर आदमी के बारे में तो नहीं कह सकती, लेकिन निश्चित रूप से जो लोग गंदे इरादे रखते हैं, वे 2, 3 या 4 पत्नियां रखना चाहते होंगे। कृपया यह गंदगी बंद करो। भगवान के लिए यह बंद करो। किसी दिन अगर वही पत्नियां कहने लगें कि उन्हें भी 2-2 पति चाहिए, तो उसे भी देखना अच्छा लगेगा।

## 3 साल की डेटिंग के बाद तेजस्वी करण का हो गया ब्रेकअप!

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में कई रिश्ते बने, कुछ का प्यार हमेशा के लिए रहा, तो कोई कुछ सालों के बाद अलग हो गए. बिग बॉस 15 में यूं तो तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा एक दूसरे के कंपीटीटर बनकर आए थे, लेकिन शो को दौरान दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठे। दोनों ने बाहर आकर अपने प्यार को कबूल भी किया। लेकिन, तीन साल प्यार के रिश्ते में रहने के बाद अब खबर है कि दोनों के बीच अब सब खत्म को हो गया है। सूत्र ने बताया कि दोनों के बीच में पिछले कुछ समय से छोटी-छोटी बातों पर बहस और लड़ाइयां हो रही थीं। इसलिए दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया। दोनों अभी भी पब्लिक में एक साथ नजर आ रहे हैं। क्योंकि वो दोनों पिछले तीन साल से एक पावर कपल रहे। वो दोनों अभी अपने ब्रेकअप का जल्द ऐलान नहीं करने वाले हैं। हालांकि, करण और तेजस्वी ने अपने ब्रेकअप पर कोई भी कमेंट नहीं किया है।



# सास शर्मिला टैगोर की बात सुन भन्ना जाएंगी करीना...

**नई दिल्ली।** शर्मिला टैगोर इन दिनों अपने बयानों को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'एनिमल' और हिट फिल्म 'क्रू' देखने के बाद अपना रिव्यू दिया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उन्होंने किरण रॉय की फिल्म 'लापता लेडीज' को भी देखा। अब इन तीनों फिल्मों के बाद उन्होंने अपनी फीलिंग शेयर की और बताया कि उन्हें कौन सी फिल्म सबसे बेस्ट लगी। यूट्यूब चैनल दिल से पर बात करते हुए शर्मिला टैगोर ने हिट फिल्म क्रू पर अपनी राय साझा की। इस फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन लीड रोल में थी। यह फिल्म एविएशन इंडस्ट्री की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें सभी चीजें मजेदार हैं। हालांकि शर्मिला को यह फिल्म बेहद 'बेतुकी' लगी। शर्मिला ने 'क्रू' का रिव्यू करते हुए कहा- इस फिल्म की एक अच्छी बात थी कि ये उस सोच पर वार करती है कि महिला ही महिला की दुश्मन है, लेकिन बाकी सब पर यकीन करना बेहद मुश्किल है। जैसे फिल्म के एक सीन में प्लेन लैंडिंग का सीन, एक तिजोरी तोड़ रही है और तीनों औरतों अलग -अलग चीजें करती आ रही हैं। ये थोड़ा हकीकत से परे लगता है। बेशक इस फिल्म में तीन लीड एक्ट्रेसेज थीं और बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा बिजनेस रहा है।



# श्रीदेवी की सुपरहिट फिल्म के क्लाइमैक्स ने छुड़ा दिए थे अच्छे-अच्छों के पसीने, ओटीटी पर भी कायम रहा जलवा

***नई दिल्ली।*** *साल 2017 में आई दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। खासतौर पर फिल्म के सस्पेंस और क्लाइमैक्स ने तो लोगों को दीवाना बना दिया था। ओटीटी पर आने के बाद भी इस फिल्म का जलवा कायम रहा था। फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश' के बाद श्रीदेवी ने फिल्म 'मॉम' के साथ बॉलीवुड में वापसी की थी। इस फिल्म को ना सिर्फ दर्शक बल्कि क्रिटिक्स ने भी खूब सराह था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। थिएटर के बाद जब ये फिल्म ओटीटी पर भी आई तो इस फिल्म का जलवा कम नहीं हुआ था। मां-बेटी के खूबसूरत रिश्ते पर बनी फिल्म इस की कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। मॉम में पहली बार नवाजुद्दीन सिद्दीकी, श्रीदेवी ने साथ-साथ काम किया था। इस फिल्म में श्रीदेवी की बेटी का रोल पाकिस्तानी एक्ट्रेस सजल अली ने निभाया था।*




*इस फिल्म ने रिलीज होते ही दर्शकों के दिल पर गहरी छाप छोड़ी थी। फिल्म को रिलीज के पहले हफ्ते में ही सुपरहिट मान लिया गया था। फिल्म को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स को देखते हुए इसे कई भाषाओं में डब किया गया था। सभी भाषाओं में ही इस फिल्म ने शानदार कमाई की। श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' ने चीन में रिलीज के बाद कितने रिकॉर्ड्स तोड़ती है। इस फिल्म के लिए श्रीदेवी को उनके निधन के बाद 'नेशनल अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया था। चीन में जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो बोनी कपूर काफी भावुक हो गए थे। श्रीदेवी की इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी का लुक देखकर तो लोगों के होश ही उड़ गए थे। फिल्म की कहानी ने तो दर्शकों को दीवाना बनाया ही था। साथ ही इस क्राइम-थ्रिलर फिल्म का सस्पेंस देख लोगों का दिमाग हिल गया था।*

# अंजू महेंद्रू नहीं, इस एक्ट्रेस संग 'काका' की स्ट्रांग बॉन्डिंग देख जलती थीं डिंपल?

**मुंबई।** डिंपल कपाड़िया को राजेश खन्ना ने तब चुना, जब उनका स्टारडम आसामान छू रहा था। अंजू महेंद्रू संग टूटे रिश्ते के बाद डिंपल उनकी जिंदगी में आईं। लेकिन बॉलीवुड की 'मुंजी' के साथ उनके दोस्ती से डिंपल को काफी जलन होती थी। जलन इस हद तक थी कि एक बार तो एक्ट्रेस ने काका से कह दिया था- 'उसी से शादी कर लेते'। बॉलीवुड में यूं तो कई स्टार्स हैं, जिनके प्यार के किस्सों की अलग-अलग कहानियां हैं। एक जमाने में रेखा संग अमिताभ बच्चन की दोस्ती सुर्खियों में थी। देवानंद साहब के साथ सुरैया का नाम जुड़ा तो दिलीप कुमार के साथ मधुबाला. राजेश खन्ना बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार रहे। अंजू महेंद्रू संग उनके रिलेशनशिप में रहने और फिर अपनी उम्र से 16 साल छोटी डिंपल कपाड़िया से शादी कर खूब सुर्खियां लूटीं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि अंजू महेंद्रू नहीं एक बॉलीवुड हसीना के साथ 'काका' की बॉन्डिंग इतने जबरदस्त थी कि कई बार तो उनकी



पत्नी यानी डिंपल कपाड़िया को भी जलन होने लगती थी।

डिंपल कपाड़िया को राजेश खन्ना ने तब चुना, जब उनका स्टारडम आसामान छू रहा था. अंजू महेंद्रू संग टूटे रिश्ते के बाद डिंपल उनकी जिंदगी में आईं। लेकिन बॉलीवुड की 'मुंजी' के साथ उनके दोस्ती से डिंपल को काफी जलन होती थी। जलन इस हद तक थी कि एक बार तो एक्ट्रेस ने काका से कह दिया था- 'उसी से शादी कर लेते'। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं मुमताज थीं। फिल्म इंडस्ट्री के लोग कई नामों से इन्हें बुलाते थे। राजेश खन्ना उन्हें प्यार से 'मोटी' कहते थे। देवानंद उन्हें प्यार से 'मुंजी' बुलाया करते थे और बहुत सारे लोग उन्हें उनके निक नेम 'मुमु' से पुकारा करते थे। राजेश खन्ना संग उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है और दोनों की जोड़ी को भी पर्दे पर लोगों ने काफी पसंद किया. 'प्रेम कहानी', 'दो रास्ते', 'आपकी कसम', 'दुश्मन', 'रोटी', 'अपना देश', 'राजा-रानी' और 'बंधन' जैसी कई फिल्मों में दोनों को साथ देखा गया। राजेश खन्ना और मुमताज की दोस्ती बहुत गहरी थी। एक बार वो भीड़ में बिना हिचक के राजेश खन्ना की जान बचाने चली गई थीं। लेकिन, राजेश खन्ना और मुमताज की इस दोस्ती से डिंपल कपाड़िया को जलन होती थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब राजेश खन्ना का नाम मुमताज से जुड़ा तो डिंपल को पहले तो विश्नास नहीं हुआ, लेकिन लगातार आ रही खबरों ने उनके विश्वास को डोला दिया और मन में शक होने लगा। अब, जब भी राजेश खन्ना मुमताज के साथ कोई फिल्म करते तो डिंपल सेट पर पहुंच जाया करती थीं।



# मारेडुमिली वन क्षेत्र में हो रही है 'स्वयंभू' की शूटिंग

**नई दिल्ली।** अभिनेता निखिल सिद्धार्थ अपनी नई फिल्म 'स्वयंभू' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के जरिए दर्शकों को दमदार एक्शन देखने की उम्मीद है। निखिल की पिछली फिल्म 'स्पाई' थी, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों की ओर से मिली जुली प्रतिक्रियाएं मिली थी। 'स्वयंभू' को लेकर ताजा अपडेट यह है कि फिलहाल मारेडुमिली वन क्षेत्र में फिल्म में शूटिंग चल रही है, जो आंध्र प्रदेश में स्थित है। यह इलाका बेदह खूबसूरत है। निखिल के साथ अन्य कलाकार भी सेट पर जमें हुए हैं। इस लोकेशन पर फिल्म के कुछ अहम सीन को शूट किया जाएगा। सेट डिजाइन का काम एम प्रभाकरन की देख-रेख में हो रहा है। 'स्वयंभू' का निर्देशन भरत कृष्णामाचारी कर रहे हैं। फिल्म में निखिल सिद्धार्थ के साथ-साथ संयुक्ता भी मुख्य भूमिका अदा कर रही हैं।

# आंबा, सहायक शिक्षक व सामुदायिक मुखिया को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

ग्राम मित्र एवं सीआरवाई मुंबई के सहयोग से एक दिवसीय जिला स्तरीय क्षमतावर्धन कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, शिक्षक, सामुदायिक मुखिया की उपस्थिति में उच्च शिक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 12 गांव के एसएमसी सदस्य, मितानिन, पंच एवं सामुदायिक मुखिया लोगों ने भाग लिया।

अलग खबर

संस्था के अध्यक्ष मुनीव शुक्ला ने कार्यक्रम के संबंध में बताया कि संस्था द्वारा कोरबा एवं करतला ब्लॉक में शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता हेतु कार्य कर रहे हैं, उसी के तहत पूरी पढ़ाई देश की भलाई अभियान की शुरूआत किया गया। यह अभियान 24 अगस्त 2024 तक चलेगा जिसमें ब्लॉक, जिला एवं गांव में दीवार लेखन, संगोष्ठी, रैली यात्रा आदि का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सौ प्रतिशत बच्चों का स्कूल में नामांकन हो विशेष कर लड़कियों का दाखिला हो। संगोष्ठी में सीएससी के राकेश कौशिक ने कहा कि सरकार उल्लास कार्यक्रम के तहत घर-घर सर्वे करेगी और बच्चों को दाखिला कराएगी। इस साल ओपन स्कूल के माध्यम से तीन बार परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। एसएमसी सदस्य सुखवाड़ा देवी रतिया ने बताया कि उनके स्कूल के आधारभूत संरचना को सुधारने की जरूरत है एवं एसएमसी के बैठक में सभी सदस्यों को आने की जरूरत है। बच्चों में मोबाइल की उपयोगिता सीमित करने की जरूरत है, जिससे उनकी पढ़ाई हो सके। सभी बच्चों को 12वीं तक अनिवार्य रूप से पढ़ने की जरूरत है। सीडब्लूसी के पूर्व सदस्य संतोष कुमार देवांगन ने उन बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया जिनके मां-बाप नहीं है, जो घर से अलग है। उनका शिक्षा कैसे हो तथा पलायन करने वाले बच्चों की शिक्षा कैसी हो।

### एक दिवसीय क्षमतावर्धक कार्यक्रम का हुआ आयोजन




## खबर संक्षेप



### डॉ. गीता, रामकली, जमुना ने जिले का बढ़ाया मान

**ढेलवाडीह**। चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान जो एक विश्वस्तरीय विशाल काव्यमयी साझा संकलन है का भव्य विमोचन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश्री महंत, रामसुंदर दास रहे, जो मठाधीश्वर दूधाधारी मठ रायपुर, शिवरीनारायण एवं पूर्व विधायक रहें है। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.सुशील त्रिवेदी जीआई एएस पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (छत्तीसगढ़ शासन) एवं साहित्यकार संपादक, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.उदयभान सिंह चौहान भागीरथ छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण, डॉ. स्नेहलता पाठक छत्तीसगढ़ की प्रथम हास्य व्यंगकार, रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार, समीक्षक, वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर, डॉ.शकुंतला तरार जी साहित्यकार संपादक, डॉ.सोनल राजेश शर्मा संवाददाता गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड, रायपुर जी रहे। राजेश्री महंत राम सुंदर दास ने कहा कि राज्य की यह बहुत बड़ी उपलब्धि है विश्व की प्रथम किताब जो भारत के चंद्रयान पर लिखी गई है, वैज्ञानिकों के अनुसंधान को बहुत ही सुंदर काव्य रूप में अलंकृत किया गया है। 21 अन्य राज्यों के साथ प्रदेश के 100 साहित्यकार के साथ, विदेशो से भी इस किताब में जुड़े है यह बड़े ही गर्व की बात है। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा जिले से डा.गीता विश्वकर्मा नेह, रामकली कारें, जमुना गढ़ेवाल, डिकेश्वर साहू एवं लगभग दस साहित्यकारों को गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान से सम्मानित किया गया।

### सूत सारथी समाज का सामाजिक मिलन कार्यक्रम संपन्न



**कोरबा**। सूत सारथी समाज की जिला स्तरीय बैठक शारदा विहार सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 12 में रविवार को आयोजन किया गया। समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं गणमान्यजनों का स्वागत, परिचय, मिलन सम्मेलन के अवसर पर उपस्थित समाज के पदाधिकारी गणमान्य नागरिक का पुष्पगुच्छ, पुष्पमाला, श्रीफल से स्वागत सम्मान सूत्तसारथी समाज के जिला अध्यक्ष चंद्र सेन सारथी एवं समाज के प्रबुद्ध वर्ग द्वारा किया गया। स्वागत सम्मान के अवसर के पूर्व ब्रम्हार्षी सूत जी की तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही समाज में शिक्षा को बढ़ावा के साथ साथ आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, स्वास्थ्य पर बढ़ावा देकर समाज को एक सुसंगठित समाज की श्रेणी पर लाने विशेष रूप से सूत सारथी समाज की जिला स्तरीय बैठक में चर्चा-परिचर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक जोहन राम सारथी, मुरारी लाल सारथी, बंधन राम सारथी, मिलूराम सारथी, छोटेलाल सारथी, पत्थर राम सारथी, फिरत राम सारथी सलाहकार, छतराम राम दिलहरण लाल मस्तुराम,नंदलाल सारथी अध्यक्ष, कटघोराब्लाक, पप्पू सारथी अध्यक्ष पाली, राजेश सारथी अध्यक्ष कोरबा, रामलाल सारथी अध्यक्ष करतला, वर्षा सारथी महिला, इंद्रसेन सारथी, सुरेंद्र सारथी, अशोक सीताराम दिनेश कुमार, राधेलाल, बाबूलाल, गेंद्रराम सोनवानी संरक्षक करतला ,रामजीवन सारथी सचिव करतला, विष्णु, फेकू राम, अंतरा, गणेश, राजकुमार, संजय प्रेमसाय, सपना, राजू प्रसाद सारथी सचिव महासचिव, सूत सारथी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### ट्रेक्टर की ठोकर से युवक की मौत

**कोरबा**। रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत रजगामार बस्ती निवासी योगेन्द्र प्रताप सिंह राठिया उम्र 28 वर्ष पिता स्व. शांति लाल राठिया 25 जून को शाम 7.20 बजे मोहल्ले का पवन कुमार राठिया ने घर पर आकर बताया कि उसका भतीजा नवल कुमार राठिया को स्कूटी सहित गोडमा मेन रोड जूनाडीह के पास ट्रेक्टर ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। जिससे नवल कुमार राठिया की हादसे में मौत हो गई।

## नेशनल यूथ फोरम में 9 राज्य से 400 रोवर्स रेंजर्स जुटे

# युवा शक्ति से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण: प्रेमचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में नेशनल यूथ फोरम का आगाज हुआ, इसमें स्काउटिंग के 9 राज्यों से रोवर्स, रेंजर्स की भागीदारी हो रही है। मुख्य अभ्यागत कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा 26 से 30 जून तक नेशनल यूथ फोरम का आयोजन स्याहीमुड़ी स्थित एजुकेशनल हब में किया जा रहा है। इसमें स्काउटिंग के नौ राज्य गोवा, ओडिशा, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, दक्षिण रेलवे चेन्नई, साउथ ईस्टर्न रेलवे पश्चिम बंगाल, ईस्टर्न रेलवे कोलकाता, नार्थ फ्रंटटियर रेलवे असम से चार सौ रोवर्स, रेंजर्स (युवाओं) तथा स्टॉफ की भागीदारी हो रही है।

नेशनल यूथ फोरम की मेजबानी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, कोरबा, छत्तीसगढ़ द्वारा की जा रही है। उप मुख्यमंत्री एवं कोरबा के प्रभारी मंत्री अरूण साव के मार्गदर्शन तथा राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के दिशा निर्देश पर नेशनल यूथ फोरम की तैयारी की गई है। बुधवार को असिस्टेंड डायरेक्टर (सेंट्रल रीजन) व लीडर ऑफ कोर्स सुश्री शिवांगी सक्सेना की उपस्थिति में ध्वजारोहण के साथ नेशनल यूथ फोरम की औपचारिक शुरुआत हुई। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से हमें सीखने को मिलता है और स्वंय का विकास होता है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति की बदौलत ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विकसित भारत का सपना देखा है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव ने स्काउटिंग मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रदेश में संचालित शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों में रोवर, रेंजर की इकाई प्रारंभ करने पहल की गई है। अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने युवाओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि कॅरियर निर्माण में नेशनल यूथ फोरम की गतिविधियां अहम भूमिका निभाएंगी। एसीबी इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक प्रशासन कैप्टन एके सिंह ने भी अपना संबोधन दिया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की असिस्टेंड डायरेक्टर (सेंट्रल रीजन) व लीडर ऑफ कोर्स सुश्री शिवांगी सक्सेना ने स्वागत उद्बोधन देते हुए नेशनल यूथ फोरम के संदर्भ में बताया। जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त (आयुक्त) तामेश्वर उपाध्याय, प्राचार्य द्वय डा. संजय गुप्ता, विवेक लांडे भी मंचासीन रहे। उद्घाटन समारोह का संचालन स्टेट कोऑर्डिनेटर (मेम्बरशिप ग्रोथ) एवं जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने किया।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

# मायुमं ने लगाया कैंसर जांच एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



शिविर में उपस्थित उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

मारवाड़ी युवा मंच कोरबा व सेवा भारती कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में 25 जून को निशुल्क कैंसर जांच शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य केयर शिविर का आयोजन विवेकानंद सेवा सदन बुधवारी बायपास में सकुशल संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों लाभार्थियों ने शिविर का लाभ लिया। इस शिविर का शुभारंभ हमारे अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं डॉ प्रिंस जैन द्वारा किया गया।

इस शिविर में डॉ प्रिंस जैन, डॉ श्रीमती नेहा गोयल, डॉ शंकर पालीवाल, डॉ श्रीमती आर पालीवाल, डॉ नागेंद्र शर्मा, डॉ आदित्य सिसोदिया एवं उनकी मेडिकल टीम द्वारा शिविर में आए लोगों का उपचार किया। पूरे शिविर के दौरान हमारी कोरबा शाखा की पूरी टीम, कोरबा जागृति शाखा की पूरी टीम, अखिल भारतीय अग्रवाल महिला मंडल की टीम, कोरबा अग्रवाल महिला मंडल की टीम एवं सेवा भारती टीम ने अपना योगदान दिया, जिसमें जलपान से लेकर शिविर में उपस्थित सभी शहरवासियों का मार्गदर्शन करते हुए शिविर को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई। शिविर के समापन समारोह में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ के वरिष्ट राजेंद्र दुबे एवं लोमस साहू, मारवाड़ी युवा मंच कोरबा के संस्थापक व अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार जैन, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, कोरबा शाखा के पूर्व अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय संयोजक नीरज अग्रवाल उपस्थित थे।

# ग्राम रंजना में प्रवेशोत्सव पर पुस्तक व गणवेश का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

विकासखंड कटघोरा में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम ग्राम पंचायत रंजना में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक मा प्रेमचंद पटेल एवं विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष श्रीमती लता कंवर जनपद पंचायत कटघोरा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह कंवर, ग्राम पंचायत डोंगरी के सरपंच इंद्रपाल सिंह कंवर, ग्राम पंचायत राल के सरपंच राम कुमार कंवर, ग्राम पंचायत रंजना के सरपंच श्रीमती ममता मरकाम, ग्राम पंचायत देवगांव के सरपंच इंद्रसेन राज की उपस्थिति में संपन्न हुआ।


विकासखंड शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर और मुंह मीठा करा कर एवम पुस्तक और गणवेश प्रदान कर प्रवेश दिलाया गया साथ ही बच्चों को भोजन में खीर पूड़ी भी खिलाया गया। इस अवसर पर विधायक श्री पटेल ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम में संकुल केंद्र डोंगरी संकुल केंद्र रंजना और संकुल केंद्र बरेली के सभी प्राथमिक माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी के नवप्रवेशी बच्चे शामिल हुए। साथ ही कार्यक्रम में सभी स्कूल के शिक्षक एवं प्राचार्य रंजना आरएन पाटले , प्राचार्य डोंगरी एके पाटले और प्राचार्य बरेली रामनारायण सोनी शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर माध्यमिक विद्यालय रंजना में कटघोरा विधायक के द्वारा पौधरोपण भी किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विकाश खंड शिक्षा अधिकारी अभिमन्यु टेकाम ने बच्चों को अपनी शुभकानाए दी। पी साहू बीआर सी ने नव प्रवेशी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने को कहा और न्योता भोज के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दिया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक रामनारायण जगत, विद्यालय के शिक्षक सीआर कैवर्त, बसंत देवांगन, श्रीमती अनुसुईया राठिया, संकुल समन्वयक डोंगरी लक्ष्मी शरण कोसले, संकुल समन्वयक बरेली वीरेन्द्र पांडे, संकुल समन्वयक रंजना महेंद्र कुमार यादव का विशेष योगदान रहा।




शाला प्रवेशोत्सव के दौरान मंचस्थ अतिथि एवं छात्र छात्राएं।

### शासकीय प्राथमिक शाला कसियाडीह में हुआ शाला प्रवेश उत्स्व

**हरदीबाजार**। संकुल केंद्र सराईपाली के शासकीय प्राथमिक शाला कसियाडीह में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सरपंच चन्द्रिका प्रसाद उइके ने बच्चों को नियमित शाला आने, अनुशासन में रहकर लगन से पढ़ने को कहा। शाला प्रवेश उत्सव में बच्चे पाठ्य-पुस्तक एवं गणवेश पाकर खुश हुए। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच चन्द्रिका प्रसाद उइके, विशिष्ट अतिथि नोडल प्राचार्य लखन लाल बंजारे, होरीलाल पाटले, श्री रजवाड़े एवं समस्त ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि, पालकगण संकुल सराईपाली शैक्षिक समन्वयक कमलेश कश्यप सहित समस्त संकुल स्तर के शिक्षक उपस्थित रहे।



### केवी कुसमुंडा में मनाया गया प्रवेश उत्सव एवं स्वागत कार्यक्रम

**कोरबा**। केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा में 26 जून को प्राचार्य योगेश गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानपाठिका श्रीमती आर एस साइमन की उपस्थिति में बालवाटिका 3 एवं कक्षा 1 के बच्चों का प्रवेश उत्सव एवं स्वागत कार्यक्रम मनाया गया। सर्वप्रथम नवप्रवेशी बच्चों का तिलक रोली लगाकर एवं शिक्षण सामग्री देकर स्वागत सत्कार किया गया। प्राचार्य योगेश गुप्ता ने अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, क्रियाकलाप, अनुशासन एवं समय के बारे में अवगत कराते हुए तथा बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि शिक्षा सभी बच्चों का मौलिक अधिकार है। बच्चे शिक्षा प्राप्त कर अपने विद्यालय, परिवार एवं देश का नाम रोशन करेंगे। बच्चे शिक्षित होंगे तो देश भी उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त होगा। श्रीमती आर एस साइमन ने नवप्रवेशी बच्चों को विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियां, समय, भोजन, गणवेश एवं अनुशासन के बारे में जानकारी दी तथा सभी बच्चों को विद्यालय के विभागों का भ्रमण कराकर सभी शिक्षकों से परिचित करवाया। अंत में नवप्रवेशी बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी प्राथमिक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।




### विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा में प्रवेशोत्सव

**बांकीमोंगरा**। विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा में बच्चों के लिए पाठशाला के द्वार खोले गए। सबसे पहले स्कूल परिसर में एसेंबली जुटी और नर्सरी से लेकर बड़ी कक्षाओं के बच्चों ने कतार लगाई। इसके बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं के समन्वय से स्कूल के मुख्य द्वार पर ही राष्ट्रपति रहे डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन-वंदन किया गया। एक-एक कर हर कक्षा के बच्चों ने डॉ राधाकृष्णन को पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद वहीं बने सेल्फी जोन में तस्वीरें भी खिंचवाई और इस तरह वे अपनी अपनी कक्षा में प्रवेश कर नए शिक्षा सत्र की पढ़ाई शुरु की। स्कूल के संचालक मंडल के सभी सदस्यों ने नवप्रवेशित बच्चों को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया है। इस दौरान प्राचार्य श्रीमती रंजीता गुप्ता एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### अमंगाव हाईस्कूल में हुआ शाला प्रवेश उत्सव



**हरदीबाजार**। ग्राम पंचायत अमंगाव हाईस्कूल में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। यहां नव प्रवेशी बच्चों को गुलदस्ता भेंटकर एवं गुलाल से टीका लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया एवं बच्चों को पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेश टंडन भाजपा जिला मंत्री एवं समाजसेवी एवं अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य एलके डहरिया एवं विशिष्ट अतिथि अनिल टंडन जनपद सदस्य, ब्रिज कुंवर कंवर सरपंच अमगांव, श्रीमती यादव जी उपसरपंच अमगांव, शिक्षक पुनम अहिर, राजकुमार यादव एवं रामकुमार यादव ने मंच संचालन किया। इस दौरान संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री टंडन ने नवप्रवेशी बच्चों को आशीर्वाद देकर अपने बचपन के अनुभव को साझा किया और कहा कि पहले आभाव में पढ़ाई होती थी अब सभी सुविधाओं के साथ पढ़ाई हो रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सचिवों की हड़ताल...

जनपद पंचायत पत्र जारी किया गया है। जनपद पंचायत से प्राप्त पे-डाटा अनुसार माह की 5 तारीख तक वेतन भुगतान कर दिया जाएगा। लंबित वेतन भुगतान के विषय में जनपद पंचायतों में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिव जिनका पूर्व में किसी कारणवश वेतन रोका गया है, उनके लिए संबंधित जनपद पंचायतों से प्राप्त विस्तृत प्रतिवेदन के आधार पर पात्रता होने पर लंबित वेतन का भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही कुल ग्राम पंचायत सचिव 187 की एरियर्स राशि 4 करोड़ 76 लाख 29 हजार 625 रूपए का भुगतान कर दिया गया है। लेकिन हड़ताली पंचायत सचिवों ने पूर्ण मांग पूरी नहीं होने को लेकर आन्दोलन समाप्त नहीं किया, जिले में 412 पंचायत है जिनमें 872 गांव है। जिसकी जिम्मेदारी 364 सचिवों पर है। हड़ताल पर चले जाने से इन गांव में काम काज ठप हो गया है। शासन प्रशासन के अफसर चर्चा करने नहीं पहुंच रहे हैं। ऊर्जाधानी में जहां सचिवों की सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं राजधानी रायपुर में 7 जुलाई 1 बजे अपरान्ह इंडोर स्टेडियम, बुढ़ा तालाब, रायपुर में पंचायत सचिव संघ के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि होंगे। विजय शर्मा गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्षता तथा रमन सिंह विधान सभा अध्यक्ष, ओपी चौधरी वित्त वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी सांख्यिकी, लक्ष्मी राजवाड़े महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विजय बघेल सांसद दुर्ग एवं संयोजक घोषणा पत्र समिति के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित है। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और मंत्रियों की मौजूदगी रहेगी। इसके बाद भी जिले के सचिवों की मांगों पर स्थानीय प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

### अब 132 केवी के...

मेडिकल सुविधाये मिलना बंद हो गया है। बोनस भुगतान सब स्टेशन स्टेन्सरी का सामान और श्रम विभाग कुशल दर पर भुगतान से संबंधित शिकायत पूर्व में 4 मई को उच्च अधिकारियों को समस्यओं से अवगत कराया गया था लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जिस कारण 132 केवी कोरबा, दर्री,चाम्पा व छुरीखुर्द के चार सबस्टेशन के सभी कर्मचारी 7 दिवसीय हड़ताल पर 28 जून से जा रहे हैं।

# विद्युत लाइन चालू होने से पहले चोरों ने की 26 खंभों के तार की चोरी



**हरदीबाजार**। हरदीबाजार थाना व वितरण केंद्र हरदीबाजार अंतर्गत ग्राम बोईदा से ग्राम सिरली के बीच हरदीबाजार बिलासपुर मुख्य मार्ग पर स्थित बोईदा उपकेन्द्र से निकलने वाली नए 11 केव्ही उतरदा फीडर नई लाईन लगी थी, जिसे सोमवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा 26 विद्युत खंभों में लगे एल्यूमिनियम तार चोरी कर ले गए और 14 खंभों को भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जहां एक ओर विद्युत विभाग को लाखों रुपए की क्षति हुई है। वहीं दूसरी ओर विकास के रास्ते में चोरों ने ग्रामीणों की सुविधा में ग्रहण बन गये। फिलहाल विद्युत विभाग ने इस संबंध में हरदीबाजार थाना में लिखित शिकायत की है। शिकायत पत्र के आधार पर हरदीबाजार थाना द्वारा मामला दर्ज कर कार्रवाई में अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुट गई हैं।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार
20 वर्षो से स्थाई के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

अपना फार्मेसी
डॉक्टर सेवा उपलब्ध
डॉ.प्रियंका गोयल
MBBS, DGO Gold Medalist
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गर्भाशय की कैंसर, गर्भनिरोधक परामर्श एवं अन्य स्त्री रोगों की परामर्श एवं ईलाज
सोम से शनि शाम 4 से 6 बजे तक
डॉ.बी.के. झलरिया
MBBS
फैमिली एवं जनरल फिजिशियन
मधुमेह, रक्तचाप, दमा, बुखार, शारीरिक कमजोरी एवं अन्य सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
सोम से शनि शाम 5 से 7 बजे तक
डॉ.स्नेहा चंद्रा
B.A.M.S.
प्रातः 9.30 से 2.00 बजे तक
सर्दी, खांसी, बुखार, श्वांस रोग, चर्म रोग, सफेद दाग, नसों व जोड़ों में दर्द, मधुमेह, शिशु रोग का उपचार
सुभाष चौक के पास निहारिका, कोरबा
मो.9340230710

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, M.Com Msc व PET NEET, JEE की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

NURSING EDUCATION
Recognized by Indian Nursing Council & C.G. Nurses Registration Council
B.Sc. NURSING
4 Years Course
100% CAMPUS PLACEMENT
BHARAT INSTITUTE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
Near Dayanand Public School, Kosawadi, Korba (C.G.)
www.bharatnursing.com, bharatkorba@rastoginursing.com
093006 44100, 9300520100

## खबर संक्षेप



### आरंग मॉब लिंचिंग के विरोध में सुन्नी मुस्लिम जमात ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** प्रदेश की शांत फिजा में जहर घोलने और माहौल को ख़राब करने के उद्देश्य से रायपुर के आरंग थाना क्षेत्र में महानदी के तट पर कुछ असामाजिक तत्वों ने गौ वंश की तस्करी का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश के तीन युवको की बेराहमी से पिट पिट कर हत्या कर दो युवकों के शव को नदी में फेंक दिया। वही तीसरा चस्मदीद कि इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस हृदय विदारक घटना में पुलिस ने चार युवाकों को गिरफ्तार किया था, लेकिन राजनितिक दबाव में उन चारों युवकों को छोड़ दिया गया। मसलन इस घटना में संलिप्त युवकों के हौसले बुलंद हो गए हैं। पुलिस की नाकामी स्पष्ट झलक रही है इस घटना से प्रदेश के सर्व समाज में भारी आक्रोश पनप रहा है। प्रदेश की शांत फिजा में जहर घोलने वाले असामाजिक तत्वों को तत्काल गिरफ़्तार कर सख्त सजा दी जाए, जिससे ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके। आरंग मॉब लिंचिंग के विरोध में सदर सुन्नी मुस्लिम जमात कोरबा के अध्यक्ष आरिफ खान व कार्यवाहीक अध्यक्ष रफीक मेमन ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

### विधायक ने किया बीज वितरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**कोरबा।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत राइस ग्राम धान प्रदर्शन हेतु ग्राम लिटियाखार विकासखंड पाली में विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथ रहे। ग्राम पंचायत सरपंच की अध्यक्षता में बीज वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को केंद्र प्रवर्तित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के महत्त्व और राइस ग्राम प्रदर्शन के उद्देश्य बताते हुए उत्तम खेती, मध्यम बान, अधम चाकरी दोहे के माध्यम से किसानों को उन्नत खेती करने की सलाह दिया गया। कार्यक्रम में प्रदर्शन हेतु चयनित किसानों को विधायक श्री पटेल द्वारा बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम में हरीश थदवानी, रमेश कुमार कंवर, छतराम यादव, मन्नू राठौर, सानिध्य सोलंकी, शिव यादव, नरेंद्र यादव, छतलाल यादव, नरेंद्र चौहान, जीपी डिक्सेना, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पाली एमएस गोंड, बीएस मरावी और श्रीमती चैनबाई ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



**कोरबा।** जेआरसी क्लब एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा एवं श्रद्धा महिला मण्डल द्वारा संचालित सृष्टि महिला समिति एसईसीएल कोरबा के तत्वाधान में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मंजीत जांगड़े न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं व्यवहार न्यायधीश वर्ग 2 को सर्व प्रथम सृष्टि महिला समिति एसईसीएल के अध्यक्ष श्रीमती स्वेता पंड्या द्वारा माननीय न्यायधीश का स्वागत श्रीफल, साल एवं गुलदस्ता से किया शिविर में माननीय न्यायधीस के द्वारा नालसा स्कीम, महिलाओं के अधिकार से संबधित कानून, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, महिला उत्पीड़न, टोनही प्रताड़ना एक्ट, सायबर क्राईम, समानता का अधिकार, शोषण के विरूद्ध अधिकर, पैत्रीक संपत्ति का अधिकर, विवाह हिंदू एवं मुस्लिम एक्ट, निशुल्क विधिक सेवा संछिप्त जानकारी दिया गया।

# रेत भंडारण करने ठेकेदारों में मची होड़, एक दर्जन हैं कतार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनजीटी के निर्देशों के तहत जिले में बारिश के सीजन के दौरान रेत उत्खनन व परिवहन पर प्रतिबंध लगा हुआ है। ऐसे में लोगों तक रेत पहुंच सके इसके लिए भंडारण करने वाले लोगों की होड़ मची हुई है। पहले ही एक दर्जन से अधिक लोगों ने भंडारण के लिए अनुमति ले रखी है तो वहीं दूसरी ओर एक दर्जन ठेकेदार भंडारण करने के लिए कतार पर खड़े हुए हैं। जिसके लिए उन्होंने खनिज विभाग में आवेदन लगा कर रखा है। हालांकि अभी उन्हें अनुमति नहीं मिली है।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि जिले में 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन और परिवहन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है। ऐसे में लोगों को रेत की आवश्यकता की पूर्ति हो सके इसके लिए हर वर्ष बड़े पैमाने पर ठेकेदारों द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों पर रेत का भंडारण करते हैं और ठेकेदारों द्वारा भंडारण की बकायदा खनिक विभाग से अनुमति दी जाती है। बताया जाता है कि लगभग एक दर्जन लोग उन्हें पहले ही भंडारण के लिए अनुमति ले रखी है। इसके बाद भी अब बारिश के सीजन में मोटा मुनाफा कमाने के लिए एक दर्जन ठेकेदार ऐसे हैं जिन्होंने रेत भंडारण करने के लिए खनिज विभाग में आवेदन लगा रखा है। जैसे ही उन्हें रेत भंडारण करने की अनुमति मिलेगी व भंडारण के लिए अपने स्थान पर भंडारण का स्टाक करेंगे और उसे बेचकर मोटा मुनाफा कमाएंगे। हालांकि अभी इसके लिए अनुमति मिलती है कि नहीं यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**10 जून में 15 अक्टूबर तक रेत निकासी पर लगा है प्रतिबंध**



**रेत तस्करों की है बल्ले बल्ले**

जिले में रेत उत्खनन व परिवहन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है। ऐसे में रेत तस्करों की जमकर बल्ले बल्ले हैं। बड़े पैमाने पर रेत नदी नालों में घुसकर एक्सकैवेटर व टिपर लगाकर जमकर रेत का उत्खनन कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं और शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर रेत उत्खनन कर ऊंचे ऊंचे दामों में खपा रहे हैं। शहर में खुलेआम धड़ल्ले से टीपर की गाड़ी चल रही है लेकिन इसके बाद भी कोई बड़ी कार्रवाई नहीं होने से तस्करों की जमकर चांदी हो रही है। तस्कर ने अब शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिए।

## कुल 85 बैंक खातों को कराया गया फ्रीज

# वर्ल्ड कप में ऑनलाइन सट्टा, कोरबा अंबिकापुर के गिरोह का भांडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच के पहले ही जिला पुलिस की टीम ने जिला सहित पड़ोसी जिले में दबिश देकर टी-20 वर्ल्ड कप में सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले गिरोह का भांडाफोड़ किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से बैंकों के 85 खातों को फीज/होल्ड कराया गया है। जिसमें अभी तक 34 खातों में लगभग 7 लाख को होल्ड कराया जा चुका है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7,8 एवं 66 (सी) आई.टी. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**खास बात**

- कृष्णा बुक के जेट बुक तथा ऑल बुक पैनल से सट्टा कर रहे थे संचालित

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह व साइबर की टीम ने रजगामार निवासी अर्पित अग्रवाल, आदित्य चौहान नामक व्यक्ति ऑनलाइन सट्टा अपने साथियों के साथ सट्टा खिलाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने रजगामार में घेराबंदी कर अर्पित अग्रवाल घर पर नहीं मिला तब आदित्य चौहान के बारें मे सूचना मिली कि वह अपने घर पोड़ीबहार में है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने पोड़ीबहार में दबिश देकर आदित्य को धरदबोचा था। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा अम्बिकापुर गांधी चौक वसुंधरा सिटी के पास जाकर पुलिस टीम के उक्त स्थान पर दबिश देकर 4 लोगो को ऑनलाइन पेनल चलाते हुए पकड़ा गया। सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा क्रिकेट मैच के दौरान कृष्णा बुक जेट बुक तथा ऑल बुक पैनल के माध्यम से ऑन लाईन सट्टा का संचालन स्वीकार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में पोडी बहार नीचे मोहल्ला निवासी आदित्य सिंह चौहान उम्र 22 वर्ष पिता विजय सिंह चौहान, प्रेमनगर रजगामार निवासी साहिल दास उम्र 21 वर्ष पिता चद्रिका दास, सुनील सिंह उम्र 19 वर्ष पिता मंगल सिंह, सोनहत ग्राम भैसवार जिला कोरिया निवासी अमन जायसवाल उम्र 22 वर्ष पिता विजेद्र जायसावाल, रजगामार गायत्री नगर नेहरू चौक रजगामार निवासी विवेक सिंह उम्र 21 वर्ष पिता प्रदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 07,08 एवं 66 (सी) आई.टी. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**5 करोड़ से अधिक का हुआ है लेनदेन**

सटोरियों के कब्जे से लैपटॉप 2 नग एवं मोबाईल फोन 21 नग, 2 नग मोटर सायकल बुलेट सीजी 15 डीबी 3142 एवं हीरो ग्लेमर सीजी 16 सीजी 1726 कुल लगभग 6 लाख 60 हजार रुपए कीमती जप्त किया गया। सटोरियों के 37 नग विभिन्न बैंकों के चेक एवं 72 नग ए.टी.एम. कार्ड 9 पासबुक एवं 26 नग सिम जप्त कर साइबर सेल के द्वारा उसमें जांच किया जा रहा है। जांच मे अब तक अलग-अलग बैंकों के कुल 85 खातों की जानकारी मिली है। जिनको होल्ड व फ्रीज कराया जा गया है। उन बैंक खातों मे लगभग 5 करोड़ से अधिक का लेनदेन होना पाया गया है एवं इसमें आगे भी विवेचना जारी है। प्राप्त बैंक खातों को साइबर सेल के माध्यम से डेबिट फ्रिज कराया गया जिन बैंक खातों मे लगभग 7 लाख रूपये होल्ड कराया गया है।

# जमीन खरीदी के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एल अप्पाराव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी पहचान वर्ष 2018 में सुमन चौहान से हुई थी। जिसके घर दोनों परिवारों का आना-जाना होता था, सुमन चौहान के पति सुरेश चौहान जमीन खरीदी-बिक्री का कार्य करना बताता था। सुमन चौहान से सबंध होने के कारण सुमन चौहान ने बताया कि एल अप्पाराव उमेश शर्मा नाम के व्यक्ति से दादर में जमीन 6 डिसमिल 12 लाख रूपये में खरीद रही हूं जिसे सुनकर एल अप्पाराव ने सुमन चौहान से अपने लिए भी जमीन दिलाने की बात कही जिस पर सुमन चौहान उसका पति सुरेश चौहान, उमेश शर्मा के साथ एल अप्पाराव को जमीन दिखाने दादर ले गये। जहां एल अप्पाराव को जमीन अपने बगल की जमीन सुमन चौहान के द्वारा खाली होना एवं बिक्री करना बताई जिसका सौदा प्रति डिसमिल 2 लाख रुपए में सुमन चौहान के द्वारा उमेश शर्मा से बातचीत होना बताया। उस वक्त उमेश शर्मा मौके पर उपस्थित था जो जमीन बेचना स्वीकार किया और 6 डिसमिल जमीन सुमन चौहान के द्वारा खरीदना बताया। जिसके एवज में एल अप्पाराव द्वारा 1 लाख रुपए नगद सुमन चौहान को दिया उसमें से 10 हजार रूपये उमेश शर्मा ने लिया और बाकी पैसा सुमन चौहान के खाते में गुगल पे के माध्यम से 1 लाख 20 हजार रुपए ट्रांसफर किया। जिसके उपरांत सुमन चौहान के पिता शिव कुमार शर्मा के बैंक खाते आई.डी.बी.आई. में 1 लाख 80 हजार रुपए ट्रांसफर किया गया। सुमन चौहान द्वारा एल अप्पाराव को ना तो जमीन दिलाया गया और ना ही उसकी रकम वापस की गई। प्रार्थी एल अप्पाराव की रिपोर्ट पर पुलिस ने सुमन चौहान, उमेश शर्मा के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# 40 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अवैध शराब के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा विशेष मुहीम चलाई जा रही है। इस कड़ी में हरदीबाजार पुलिस ने एक ग्रामीण के ठिकाने पर दबिश दी जहां उसके कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

हरदीबाजार थाना प्रभारी मृत्युंजय पाण्डेय के नेतृत्व में हरदीबाजार क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में 26 जून को मुखबीर की सूचना पर ग्राम भिलाईबाजार पुरानी बस्ती निवासी महेश सिंह राजपूत अवैध रूप से महुआ शराब रखकर विक्रय कर रहा है कि सूचना पर अपनी टीम के साथ मौके पर जाकर छापामार की कार्यवाही की गई। आरोपी महेश सिंह राजपूत अपने घर के सामने में कच्ची महुआ शराब विक्रय करते पाया गया जिसके कब्जे से चार अलग अलग जेरीकेन में कुल 40 लीटर हाथभट्टी की बनी कच्ची महुआ शराब को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया गया है।



# पिता-पुत्र में हुआ विवाद, गला दबाकर पुत्र ने उतारा पिता को मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर क्षेत्र में हुए एक घटनाक्रम में पुत्र ने मामूली सी बात पर हुई कहासुनी में तैश में आकर पिता की हत्या कर दी। पिता असीम कुमार दास 46 वर्ष को पुत्र आकाश कुमार दास 21 वर्ष ने 25 जून की शाम मौत के घाट उतार दिया।

घटना कोतवाली थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 के सर्वमंगला रोड मुख्य मार्ग से लगे पटेलपारा की है। यहां निवासरत मृतक असीम दास डेंटिंग-पेंटिंग का काम करता था। 25 जून की रात लगभग 9 बजे उसे जिला अस्पताल ले जाया गया और घर पर गिर जाने से चोट लगना बताकर इलाज के लिए भर्ती करने की कोशिश की गई लेकिन परीक्षण में चिकित्सक ने सारा मामला समझ लिया और तब तक असीम दास की मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना पुलिस को मिली तो उसने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम की शॉर्ट रिपोर्ट में गला दबाने से दम घुटने के कारण मौत का पता चलते ही मृतक के निवास जाकर पड़ताल करते हुए कोतवाली पुलिस ने मृतक के पुत्र आकाश को हिरासत में ले लिया। कोतवाली टीआई निरीक्षक मोतीलाल पटेल ने आरोपी के हवाले से सत्यसंवाद को बताया कि घटना दिनांक को मृतक शराब के नशे में था और पुत्र से कहा सुनी हुई थी। मृतक ने कह दिया कि मैं तेरे पैसे की शराब तो नहीं पीता और इसी बात पर विवाद बढ़ गया। पिता-पुत्र में मारपीट हो गई। क्षणिक आवेश का शिकार युवा पुत्र ने पिता की छाती पर चढ़कर कई बार वार किया और गला को दबा दिया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान घर पर पिता-पुत्र ही अकेले थे। बाद में पिता को अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत बता दिया। आरोपी पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

**खास बात**

- कोतवाली थाना क्षेत्र के पटेलपारा बस्ती की घटना

**गांव से लाया था कच्ची शराब, सभी ने पिया**

मृतक के परिवार से जुड़े एक रिश्तेदार ने बताया कि 25 जून की शाम करीब 5:30 बजे पिता और पुत्र सहित अन्य परिजन ने घर में शराब का सेवन किया और शराब के नशे में सभी लोग थे। नशा की हालत में आपसी विवाद हुआ और पुत्र ने पिता के साथ मारपीट की। इसके बाद असीम की पत्नी उसके घर आकर चोट लगने की बात बताई। रात लगभग 9 बजे अस्पताल ले जाकर उसे भर्ती कराया। पारिवारिक सूत्र के मुताबिक घटना दिनांक की सुबह कुछ परिजन ग्राम सतरेंगा और कुछ लोग आमाडाँड़ गए थे जहां इनका खेत है। गांव से ही कच्ची महुआ शराब लेकर आए थे। घर में आने के बाद सभी ने शराब का सेवन किया और फिर नशा की हालत में विवाद हुआ। बहरहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उसके कथन के अनुसार आगे की विवेचना व कार्यवाही जारी है।

### कबाड़ की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत चेकपोस्ट निवासी सिद्धार्थ कुमार एसएसपीएल कंपनी बालको के अंतर्गत एलटी प्रोजेक्ट में सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के पद पर काम करता है। 26 जून की सुबह 8 बजे लगभग चंद्रिका प्रसाद पाण्डे उर्फ पेटालु, राजेन्द्र कुमार चौहान एवं उनके अन्य दो साथी अमित देवांगन तथा शिवम के द्वारा बालको कंपनी के प्रोजेक्ट गेट के बगल स्थित अस्थाई यार्ड जिसका नाम प्रीकास्ट है वहां से लोहे का सरिया एवं अन्य कबाड समान वजनी लगभग 2 क्विंटल कीमती लगभग 8 हजार रूपये को चोरी कर रहे थे। सिद्धार्थ की रिपोर्ट पर पुलिस ने कबाड़ चोरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर हो गई पार

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुढ़ाली निवासी नारायण कुमार वर्मा उम्र 34 वर्ष पिता स्व. सुरजमल वर्मा नटराज टांसपोर्ट कंम्पनी में सुपरवाईजर पद पर कार्यरत है। नारायण कुमार के मालिक का टिप ट्रेलर क्रमाक सी जी 12 एप्स 5503 को वाहन चालक दीपक गोस्वामी पिता-गोविन्द गिरी गोस्वामी वाहन चालन करते हुऐ दीपका चौक के पास खड़ा किया जो कि 10 अगस्त 2023 को दीपका खदान से कोयला लोड कर रात्रि लगभग 9 बजे वाहन को लॉक करके अपने हेल्फर हरिशंकर चौहान पिता सुधोराम चौहान के साथ दोनो हेल्पर के घर खाना खाने गये और वही सो गये। 11 अगस्त 2023 की सुबह लगभग 5 बजे जहां वाहन लॉक करके खड़ा किये थे उस स्थान पर पहुंचे तो वहां वाहन नही मिला। आसपास वाहन को बहुत तलाश किये परन्तु वाहन कही नही मिला। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।




# एपीसीसीएफ ने कुसमुंडा खदान का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) सुनील मिश्रा ने गुरूवार को एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र का दौरा किया।

इस दौरान (एपीसीसीएफ) सुनील मिश्रा के साथ कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार, कटघोरा एसडीओ चंद्रकांत के साथ एफसी अनुपालन स्थिति देखने के लिए कुसमुंडा पहुंचे थे। उन्होंने पौधरोपण को लेकर मार्गदर्शन दिया और कुसमुंडा प्रबंधन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इस दौरान टीम ने पुनः प्राप्त डंप का भी दौरा किया, जो राज्य सरकार को सौंपने की प्रक्रिया में है और अधिसूचना प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कहा।



निरीक्षण करते मुख्य वन संरक्षक एवं अन्य।

### टाटा मैजिक के चालक ने बाइक सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** बाइक से अंबिकापुर जा रहे सेवानिवृत्त कालरी कर्मी को टाटा मैजिक वाहन चालक ने विपरीत दिशा से टक्कर मार दी है। दुर्घटना में बाइक सवार को गंभीर चोट आई है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर निवासी सेवानिवृत्त कालरी कर्मी 64 वर्षीय गोपाल राम गुप्ता पिता रामकृष्ण गुरुवार को अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 29 एसी 6430 में अंबिकापुर जा रहा था। तभी जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर नेक्सा शोरूम के समीप अंबिकापुर की ओर से टायर लोडकर बिश्रामपुर की ओर आ रहे टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 15 ईडी 7869 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विपरीत दिशा से बाइक सवार वृद्ध को जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार वृद्ध का एक हाथ व पैर फ्रेक्चर हो गया है, जिसे जयनगर पुलिस द्वारा तत्काल अस्पताल भिजवाकर भर्ती कराया गया है।







| Korba To | Zest | Crysta | Today Offer* |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 2999 | 4999 | 1499 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book 9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp